बीज से कद्दू का सफर

वेन्डी

बीज से कद्दू का सफर

कद्दू की सब्ज़ी बनाई जाती है.
कद्दू को तराशकर बच्चे “जैक-ओ-लालटेन” बनाते हैं.
स्वस्थ नाश्ते के लिए कद्दू के बीजों को भूना जाता है.
लेकिन एक छोटा सा बीज,
एक बड़े कद्दू में कैसे बदलता है?
पढ़ें और पता करें कि एक कद्दू के बीज को
बढ़ने के लिए क्या-क्या चाहिए!



जब वसंत के मौसम में हवा धरती को गर्म करती हैं,
तब किसान कद्दू के सैकड़ों बीज बोता है.

हर कद्दू का बीज एक नन्हा कद्दू का पौधा बन सकता है.
ज़मीन के अंदर, अंधेरी, नम मिट्टी में धंसा बीज
एक नन्हे पौधे में बढ़ने लगता है.

जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता हैं, बीज खुलता जाता है. उसका तना ऊपर बढ़ता है.
जड़ें ज़मीन में गहरी धंसती हैं. जड़ों के अंदर ट्यूब होते हैं. इन नलियों में से
पानी बिल्कुल वैसे ही ऊपर जाता है जैसे स्ट्रॉ में से शरबत.

बीज बोने के दो सप्ताह के अंदर, हरे रंग के
कल्ले ज़मीन के बाहर अपना सर उठाते हैं.

ये कल्ले छोटे अंकुर में विकसित होते हैं.
उनकी दो पत्तियां (बीज-पत्तियां)
प्रत्येक तने पर अंकुरित होती हैं.
वे सूर्य की ओर बढ़ती हैं.



सूरज की रोशनी इन पत्तों को भोजन उत्पादन के लिए ऊर्जा देती है.
हमारी तरह, पौधों को भी बढ़ने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है.
लेकिन हरे पौधे हमारे जैसे खाना नहीं खाते है. पत्ते, पौधों का भोजन बनाते हैं.

भोजन बनाने के लिए पौधों को प्रकाश, पानी और हवा की आवश्यकता होती है. पत्तियां धूप इकट्ठा करती हैं.

पौधे की जड़ें, वर्षा के पानी को सोखती हैं. और पत्तों की सतह पर बने छोटे-छोटे छेदों में से हवा अंदर जाती है. सूरज की ऊर्जा का उपयोग करके, पत्तियाँ मिट्टी से मिले पानी के साथ हवा को मिलाती हैं और "शक्कर" बनाती हैं. यह पौधों का भोजन होता है.

जल्द ही चौड़ी, कांटेदार किनारों वाली पत्तियां तनों पर प्रकट होती हैं.

कुछ समय बाद बीज-पत्तियां सूख जाती हैं.
फिर नए पत्ते कद्दू के पौधे के लिए भोजन बनाते हैं.

प्रत्येक कद्दू के तने में कई नलियां (ट्यूब) होती हैं. कुछ ट्यूब पत्तियों तक मिट्टी से पानी लेकर जाते हैं ताकि वे "शक्कर" बना सकें.

कुछ अन्य ट्यूबों के ज़रिए भोजन नीचे जाता है, ताकि कद्दू बढ़ सके.

जब दिन लम्बे और गरम होते हैं तब किसान कद्दू के आसपास के खरपतवार को बाहर उखाड़ता है. खरपतवार, मिट्टी से पानी सोखती है. कद्दू के पौधों को बढ़ने के लिए उस पानी की जरूरत होती है.

कद्दू के पौधे लम्बे नहीं खड़े होते हैं. जैसे ही तने लंबे होते हैं, वे आसपास की पूरी जमीन पर फैल जाते हैं. कुछ समय बाद, मुड़ी और उलझी हुई बेलें, कद्दू के पूरे खेत पर फ़ैल जाती हैं.

जल्द ही कद्दू की बेलों पर फूलों की कलियां दिखाई देती हैं. कली के खुलने के बाद, उसकी नारंगी पंखुड़ियां, बड़ी और बड़ी हो जाती हैं. वे चमकीली नारंगी छतरियों की तरह दिखती हैं.

दिन की गर्मी में फूल बंद हो जाते हैं.



ठंडी रात और सुबह के शुरुआती समय में फूल फिर से खुलते हैं! चमकीले नारंगी फूल, मधुमक्खियों के झुंडों को आकर्षित करते हैं. मधुमक्खियां भिनभिनाती हैं, और नर फूलों से मादा फूलों तक पीला पराग लेकर जाती हैं. अब कद्दू उग सकते हैं.



फिर पंखुड़ियां सूखकर झड़ जाती हैं. जहाँ पहले फूल थे,
अब वहाँ छोटे-छोटे फल उगने लगते हैं.
सैंकड़ों फल बेलों से लटकते हैं.

दिन गर्म हो जाते हैं.
गर्मियों की धूप में और ठंडी बारिश से छोटे फल बड़े, और बड़े होते हैं.

जल्द ही गर्मी खत्म हो जाती है. कद्दू के खेत के बगल में लगा मक्का अब भूरे रंग का हो जाता है. बड़े पेड़ों की पत्तियां लाल, नारंगी और पीले रंग की हो जाती हैं.

कद्दू भी रंग बदलते हैं. जैसे-जैसे वे पकते हैं,
उनका रंग हरे से पीले में बदलता है, फिर नारंगी में.

केवल चार महीनों में छोटे, सपाट, सफेद कद्दू के बीज,
बड़े, मोटे, नारंगी कद्दू में विकसित हो जाते हैं.



पके कद्दू, गोल-मटोल होते हैं. वे सभी आकारों में आते हैं.
अब वे शरद ऋतु के सूरज में इंतजार करते हैं.



अमरीका में हेलोवीन का त्यौहार आता है.
लोग हेलोवीन में कद्दुओं को तराशकर “जैक-ओ-लालटेन” बनाते हैं.

थैंक्सगिविंग के त्यौहार में भी कद्दुओं को पकाकर
एक विशेष मिठाई - "पाई" बनाई जाती है.

अब कद्दू की रंगीन पत्तियां भूरे रंग की हो जाती हैं. सर्दियों की हवाएँ चलनी शुरू हो जाती हैं, और जल्द ही पत्ते झड़ने से पेड़ नंगे हो जाते हैं. किसान जब कद्दू के खेत को देखता है, तो वहां सिर्फ कुछ मृत बेलें ही बची होती हैं.

लेकिन जब वसंत में हवाएं धरती को दुबारा गर्म करेंगी
तब किसान एक बार फिर सैकड़ों कद्दू के बीज बोएगा.
और एक बार फिर वे बढ़ेंगे - बीज से कद्दू तक.

समाप्त